
# मिशन शिक्षण संवाद

बेसिक के शिक्षकों के अनूठे प्रयास

# टाइम लाइन एक्सप्रेस

**August 2021**





सम सामयिक घटनाओं पर आधारित कविताओं का संकलन

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण..


संकलन-

काव्य मंजरी टीम, मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 01-8-2021

213

दिन- रविवार

## राष्ट्रीय पर्वतीय पर्वतारोहण



बॉबी मैथ्यू, जोश मेडिगन,
दो दोस्तों ने मन में ठानी।
न्यूयार्क के सबसे ऊँचे पर्वत पर,
चढ़कर लिखी दोनों ने नई कहानी।।

1 अगस्त 2015 को एडिरोंडेक की,
अन्तिम चोटी पर की चढ़ाई।
अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस मना,
सब इनकी करते हैं बड़ाई।।

दोनों दोस्तों का हमेशा,
आपस में यह था कहना।
स्वस्थ अगर रहना है तो,
पर्वत पर चढ़ते रहना।।

कुशल योजना और धैर्य से,
कदम बढ़ाकर चढे थे।
सबसे पहले 46 वें शिखर पर,
चढ नया कीर्तिमान गढ़े थे।।




रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उ० प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 02/08/2021

214

दिन- सोमवार

## पिंगली वेंकैया जी



भारत की है शान तिरंगा,
राष्ट्रीय ध्वज जो कहलाया।
देशभक्त पिंगली वेंकैया जी ने था,
इसकी कल्पना को साकार बनाया।।

2 अगस्त सन् अट्ठारह सौ छिहत्तर में,
आन्ध्र-प्रदेश के मछलीपट्टनम में जन्मे।
पिता पाण्डुरंग, माँ कल्पावती थीं,
स्नातक पढ़ाई करने गए कैम्ब्रिज में।।

उर्दू, जापानी भाषाएँ पढ़ने को,
चले गए पिंगैया जी लाहौर।
रेलवे गार्ड का काम किया कुछ दिन,
रहे भारतीय ब्रिटिश सेना में और।।

सन् 1916 से 1921 तक विभिन्न,
झण्डों के अध्ययन में रहे तल्लीन।
विजयवाड़ा अधिवेशन में सौंपा तिरंगा,
4 जुलाई 1963 को हुए चिरनिंद्रा में लीन।।

कृषि-वैज्ञानिक और भू-वैज्ञानिक थे,
रखते थे फसल-अध्ययन में लगाव।
गाँधी जी के सम्पर्क में आकर,
उनका इन पर बहुत पड़ा प्रभाव।।




रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 03.08.2021

215

दिन- मंगलवार

### राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जयंती 03 अगस्त

03 अगस्त सन् 1886 को,
महान राष्ट्रकवि ने जन्म लिया।
उत्तरप्रदेश का चिरगाँव फिर,
उनके कारण प्रसिद्ध हुआ।।




हिन्दी भाषा में खड़ी बोली के,
पहले महत्वपूर्ण कवि कहलाए।
1954 में भारत सरकार द्वारा,
पद्म विभूषण की पदवी पाए।।

कवि, नाटककार, राजनेता, अनुवादक,
विभिन्न विधाओं में थे वो बेहद पारंगत।
पवित्रता, नैतिकता और मानवीय मूल्य,
उनकी रचनाओं के थे विषय परंपरागत।।

पंचवटी, यशोधरा और जयद्रथ वध,
साकेत, पंचवटी और मेघनाथ वध।
लिखी अनेकों रचनाएं, काव्य व ग्रंथ,
1964 में एक चमकता तारा हो गया अस्त।।


**रचना -**
**डॉ० नीतू शुक्ला(प्र०अ०)**
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण - उन्नाव



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 04 अगस्त 2021

216

दिन- बुधवार

## पार्श्व गायक किशोर कुमार



सदाबहार गीतों के मनभावन गायक,
किशोर कुमार फिल्मों में थे पार्श्व गायक।
अभिनेता,निर्देशक भी वो सफल रहे,
पर गीतों के महानायक वो अतुल रहे।।

04 अगस्त 1929 को थे जन्मे,
आभास कुमार नाम था जिनका घर में।
खंडवा मध्यप्रदेश की माटी कर दी पावन,
नाम कमाया फिल्मों में लोकप्रिय गायन।।

1948 में पहला गीत था गाया,
फिल्मों के हर क्षेत्र में हाथ आजमाया।
मनमौजी स्वभाव के सनकी कहलाते,
दोस्त नहीं थे अकेले ही आनन्द थे पाते।।

08फिल्मफेयर अवार्ड जीते जीवन में,
के०एल०सहगल गुरु थे उनके गायन में।
13 अक्टूबर 1987 को हुआ अंधेरा,
हृदयगति रुकने से खो गया सितारा।।


रचना
सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा , फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 05 अगस्त 2021

217

दिन- गुरूवार

## नील आर्मस्ट्रांग



5 अगस्त 1930 को जन्म लिया,
खगोलशास्त्री नील आर्मस्ट्रांग ने।
एलिजाबेथ शेरान संग विवाह किया,
प्रथम चंद्रमा यात्री नील आर्मस्ट्रांग ने।।

ग्रहण किया सान डियागो में,
एयरक्राफ्ट सर्विस स्क्वाड्रन को।
निभायी भूमिका कोरियाई युद्ध में,
लॉन्च किया जेमिनी प्रोग्राम को।।

बन अपोलो -11 के कमांडर,
कहलाए प्रथम व्यक्ति विश्व के।
रखा कदम जिसने चन्दमा पर,
बने सदस्य रोजर्स कमीशन के।।

हुआ नामकरण इनके नाम पर,
सौरमंडल छुद्र ग्रह व चंद्रमा क्रेटर का।
किये अर्जित विभिन्न पुरस्कार,
मिला आनर क्रांग्रेसनल स्पेस का।।

रचना
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनियां प्रथम
सरवन खेड़ा, कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 06.08.2021

218

दिन- शुक्रवार

## हिरोशिमा दिवस

हिरोशिमा दिवस 6 अगस्त को 1945 से मनाते,
परमाणु ऊर्जा व हथियारों के खतरे के बारे में बताते।
शान्ति को बढ़ावा देते और जागरूकता फैलाते,
परमाणु धमाके में मारे गए लोगों को याद करते।।




इस दिन जापान के शहर हिरोशिमा पर,
अमेरिका ने गिराया परमाणु बम।
नाम लिटिल बॉय जिसमें था यूरेनियम,
एक लाख चालीस हजार लोग मारे गए एक दम।।

9 अगस्त को फैटमैन प्लूटोनियम बम,
जापान के नागासाकी शहर पर।
अमेरिका ने फिर से गिराकर ढाया कहर,
रेडियोएक्टिव विकिरण का अनेक वर्षों रहा असर।।

विस्फोटों से काली बारिश होने लगी,
महाविनाश के कुछ वर्षों बाद ही।
जापान बन गया देश एक शक्तिशाली,
मेहनती देशभक्त जनता ने देश की पहचान बना डाली।।



रचना- रीना (स०अ०)
प्रा० वि० सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, मेरठ





# अवनीन्द्र नाथ ठाकुर जंयती



अवनीन्द्र भारत के बंगाल प्रांत में,
1871 में अवनींद्र नाथ थे जन्में।
गजब के वह भारतीय चित्रकार थे,
'बंगाल स्कूल' का विचार उनसे ही पनपे।।

चित्रकला के क्षेत्र में उन्होंने,
किया भारतीय मूल्यों को शामिल।
पश्चिमी कला शैली प्रभाव कम करके,
भारतीय मूल व मुगल थीम किया शामिल।।

'इंडियन सोसायटी आफ ओरिएंटल आर्ट' के,
मुख्य संस्थापक और चित्रकार थे।
चित्रकला में स्वदेशी मूल्यों के समर्थक,
बंगाली बाल साहित्य के रचनाकार थे।।

'अर्बन ठाकुर' नाम से थे वह प्रसिद्ध,
बाल साहित्य व चित्रकला शैली में थे सिद्ध।
गुरु रविंद्र नाथ टैगोर के थे भतीजे,
अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यश, ख्याति जीते।।

रचना:
वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि० चन्दवक
डोभी, जनपद- जौनपुर


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक;08/08/2021

220

दिन- रविवार

## अंतरराष्ट्रीय बिल्ली दिवस

8 अगस्त को मनाते हैं,
अंतरराष्ट्रीय बिल्ली दिवस।
बिल्लियों के संरक्षण व बचाव को,
मनाया जाता है यह दिवस।।



इकोलॉजी ग्लोबल नेटवर्क के अनुसार,
करीब 600 मिलियन हैं छोटी बिल्लियाँ।
जबकि पूरी दुनिया में मात्र,
100 मिलियन हैं जंगली बिल्लियाँ।।

बारह हजार सालों से इंसानों के,
पास रहती आयी हैं बिल्लियाँ।
हमारे घरों से कीट-पतंगे चूहों का,
सफाया करने को पाली जाती हैं बिल्लियाँ।।

पशु प्रेमियों के लिए यह दिवस,
किसी त्योहार से नहीं है कम।
बिल्लियों संग समय बिताते इस दिवस,
ऐसा करने से तनाव होता है कम।।



रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 09-8-2021

221

दिन- सोमवार

## भारत छोड़ो आन्दोलन

अगस्त क्रान्ति इसको कहते,
जन आन्दोलन कहलाया था।
ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करने,
पूरा भारत साथ में आया था।।



'भारत छोड़ो' का नारा जब,
यूसुफ मेहर अली ने दिया।
'आजाद हिन्द फौज' के नेता जी ने,
'दिल्ली चलो' का ऐलान किया।।

बिस्मिल के नेतृत्व में प्रजातन्त्र संघ ने,
9 अगस्त को 'काकोरी काण्ड' किया।
'काकोरी काण्ड' के बाद उसी तारीख को,
'भारत छोड़ो आन्दोलन' का ऐलान हुआ।।




गांधी जी के साथ कई नेताओं को,
ब्रिटिश सरकार ने नज़रबन्द किया।
स्वतन्त्रता प्राप्ति हेतु भारत वासियों ने,
जगह-जगह आन्दोलन किया।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उ० प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 10अगस्त 2021

222

दिन- मंगलवार

## 'विश्व जैव ईंधन दिवस'

चीजों को तलने के लिए,
तेल प्रयोग करते है हर बार।
बार-बार प्रयोग करने से,
तेल हो जाता बेकार।।




'प्रयुक्त कुकिंग ऑयल (यूसीओ)' से,
होता है काम तमाम।
इनके निस्तारण से नालियाँ,
सीवरेज प्रणालियाँ हो जाती हैं जाम।।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में,
की गई यह परिकल्पना।
प्रयुक्त अथवा इस्तेमाल में लाए,
कुकिंग ऑयल से जैव ईंधन की कल्पना।।



परंपरागत जीवाश्म ईंधन का बने विकल्प,
गैर-जीवाश्म ईंधन का हो बहुत महत्त्व।
इन्हीं प्रयासों को उजागर करने के लिये,
10 अगस्त को मनाते 'विश्व जैव ईंधन दिवस'।।




रचना
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा 0वि0मुकन्दपुर
लोधा,अलीगढ़


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-11/08/2021

223

दिन- बुधवार

## खुदीराम बोस पुण्यतिथि



मात्र 19 वर्ष की आयु में,
दिया अमित बलिदान।
11 अगस्त 1908 को दिए,
भारतवर्ष की आजादी को प्राण।।

देश की आजादी को लगी लगन
नौवीं कक्षा से पढ़ाई छोड़।
अलौकिक संकल्प लेकर किया,
ब्रिटिश साम्राज्य का दमन।।

1905 में बंग-भंग आंदोलन में,
निभायी बढ़-चढ़कर भागीदारी।
1908 में अंग्रेजों पर बम फेंकने में,
गिरफ्तार हुए बोस, आहत हुए ब्रिटिश अधिकारी।।

शेर के बच्चे की भाँति निर्भीक हो,
किया फाँसी के फंदे का आलिंगन।
समूचे देश में छायी देशभक्ति की लहर,
सदैव अमर रहेगा साहसिक बलिदान।।




रचना

सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 12.08.2021 | 224 | दिन- गुरुवार

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

संयुक्तराष्ट्र संघ के निर्णय के अनुसार,
1984 को युवा वर्ष घोषित करने का बना विचार।
तब से अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मानने की हुई घोषणा,
भारत सरकार ने भी इसके महत्व पर किया विचार।।



स्वामी विवेकानन्द जी का भारतीय दर्शन,
उनके कार्य और उनका आदर्श जीवन।
मानवता में निहित ईश्वर का आराधन,
सदा से करता है युवाओं का मार्गदर्शन।।

12 अगस्त
अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

छोटे से जीवनकाल में,
स्वामी विवेकानन्द जी ने किये बडे काम।
हिन्दू धर्म को दिलायी सार्वभौमिक पहचान,
भारतीय परंपराओं को दिलाया सम्मान।।

युवा दिवस मनाने का उद्देश्य,
युवा पीढ़ी को यह बताना है।
स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन से सीखकर,
युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों को अपनाना है।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।


रचना-
रूपी त्रिपाठी (स० अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी
क्षे०- सरवनखेड़ा
जनपद-कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 13 अगस्त 2021

225

दिन- शुक्रवार

## इंटरनेशनल लेफ्टहैंडर्स डे




पूरा विश्व मनाता 13 अगस्त को,
इंटरनेशनल लेफ्टहैंडर्स डे।
मनाया गया 13 अगस्त 1992 को,
पहला इंटरनेशनल लेफ्टहैंडर्स डे।।

डीन आर कैम्पवेल ने शुरू किया,
अनोखी विशेषता वाले दिवस को।
फायदे नुकसान से परिचित किया,
बायें हाथ से काम करने वालों को।।

दुनिया के दस प्रतिशत लोग हैं,
इस प्रतिभा से अलंकृत।
राइट हैंडर्स के जैसे काम करते हैं,
लेफ्ट हैंडर्स इस दिन होते सम्मानित।।

करते बहुत से प्रोग्राम आयोजित,
दूर करते हीन भावनाओं को।
लेफ्ट हैंड गेम्स भी होते आयोजित,
दुनिया भर में जागरूकता फैलाने को।।

---

रचना
अनुप्रिया यादव (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा , फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान


# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 14.08.2021 | 226 | दिन- शनिवार

## कुलदीप नैयर जन्म दिवस



भारत के प्रसिद्ध पत्रकार व लेखक,
जन्मे 14 अगस्त 1923, थे कुलदीप नैयर।
सियालकोट पंजाब (पाकिस्तान) था जन्म स्थान,
पी० एच० डी० की डिग्री ली विषय दर्शनशास्त्र।।

शुरुआत में करते थे उर्दू प्रेस पत्रकारिता,
थे शान्ति व मानवीय अधिकार कार्यकर्ता।
25 वर्ष तक रहे द टाइम्स लन्दन के संवाददाता,
1990 में ग्रेटब्रिटेन का उच्चायुक्त नियुक्त किया।।


1996 में संयुक्तराष्ट्र के लिए भारत के,
प्रतिनिधि मंडल के सदस्य थे।
1997 में राज्यसभा के सदस्य मनोनीत हुए,
1999 में एल्युमिनी मेरिट अवार्ड से सम्मानित हुए।।

द स्टैट्समैन, द इंडियन एक्सप्रेस, प्रभासाक्षी,
14 भाषायी कॉलम 80 पत्रों में हुए प्रकाशित।
बिटवीन द लाइन्स, डिस्टेन्ट नेवर, स्कूप थी रचनाएँ,
संत नामदेव अवॉर्ड, रामनाथ गोयनका पुरस्कार पाए।।

रचना- रीना (स०अ०)
प्रा० वि० सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, मेरठ



शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 15.08.2021

227

दिन- रविवार

## स्वतंत्रता दिवस



15 अगस्त सन 1947 की,
अजब सुनहरी रात थी।
भारत जब स्वतंत्र हुआ था,
खुशियों भरी सौगात थी।।

गंगा, यमुना, रावी तट पर,
वंदे मातरम गूँजा था।
सुबह अजब मस्तानी थी,
अपना झंडा अब दूजा था।।

गाँधी, नेहरू, आजाद, बोस,
के सपनों का यह भारत था।
हिमालय से महेन्द्रगिरि तक,
जय घोष जय हिंद जय भारत था।।

फाँसी चढ़ने वाले अमर शहीद,
की धन्य वो परम जवानी थी।
यह स्वतंत्रता राजगुरु बिस्मिल भगत,
के लहू की एक रवानी थी।।

*रचना-*

सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)

उ० प्रा० वि० रुद्रपुर खजनी, खजनी, गोरखपुर



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 16/08/2021

228

दिन- बुधवार

16 अगस्त 1904 को इलाहाबाद,
गाँव की निहालपुर में जन्मी थी।
हिन्दी की सुप्रसिद्ध कवियत्री,
वो सुभद्रा कुमारी चौहान थीं।।

## सुभद्रा कुमारी चौहान



पिता जिनके ठाकुर रामनाथ,
और माता सरस्वती चौहान थीं।
इनमें काव्य लेखन की प्रतिभा ,
बचपन से ही उजागर थीं।।

झाँसी की रानी और मुकुंद जैसी,
अनेकों कविताएँ लिखकर।
राष्ट्रीय चेतना की भावना,
जन-जन में लगाई थी।

झंडा सत्याग्रह में भाग लेकर,
पहली महिला सत्याग्रही कहलाई थी।
15 फरवरी 1948 को महान कवियत्री,
प्रकृति में विलीन हो गई थी।।



रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान | शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 17-8-2021 | 229 | दिन- मंगलवार

## इण्डोनेशिया स्वतन्त्रता दिवस

17 अगस्त को स्वतन्त्रता पायी,
देश की राजधानी जकर्ता बनायी।
दक्षिण पूर्व एशिया में स्थित,
राजभाषा इण्डोनेशिया कहलायी।।



विदेशियों के लिए देश,
इण्डोनेशिया था निराला।
प्राकृतिक संसाधनों के कारण,
सैलानियों का था बोलबाला।।



2004 में प्राकृतिक आपदा आयी थी,
सुनामी लहरों ने उथल-पुथल मचायी थी।
इस आपदा में डेढ़ लाख लोग गए मारे,
हजारों करोड़ की डूबी कमायी थी।।

विदेशी व्यापारी व्यापार करने आए,
मुस्लिम व्यापारी इस्लाम धर्म लाए।
मजबूत बहुत थी अर्थव्यवस्था,
नए रोजगार के अवसर दिलाए।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
उ० प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद


शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 18/08/2021

230

दिन- बुधवार



## विजय लक्ष्मी पण्डित जी



स्वतन्त्रता आन्दोलन में बहुत लोगों ने,
दिया था अपना अमूल्य योगदान।
विजय लक्ष्मी पण्डित जी थीं,
इन सबमें एक महिला महान।।

जन्मीं जो 18 अगस्त सन 1900 में,
नेहरू परिवार में इलाहाबाद में।
पिता श्री मोतीलाल नेहरू जी,
और माता स्वरूप रानी की गोद में।।

भाई जवाहर लाल की बहन,
थीं विजय लक्ष्मी पण्डित जी।
गाँधी जी के विचारों से हुई प्रभावित,
इनके पति थे श्री सीताराम पण्डित जी।।


स्वतन्त्रता आन्दोलनों में रहीं सक्रिय,
जीवन किया देशहित अर्पण।।
01 दिसम्बर 1990 में जेल में ही,
लखनऊ में हो गया निधन।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान
टाइमलाइन एक्सप्रेस
दिनाँक- 19.08.2021
231
दिन- गुरुवार

# विश्व फोटोग्राफी दिवस 19 अगस्त




दुनिया की खूबसूरती को कैमरा में कैद किया है,
यह दिवस ऐसे फोटोग्राफर्स को समर्पित किया है।
हुनर और कला का अनोखा संगम है,
फोटोग्राफी जीविकोपार्जन का जरिया बना है।।

फोटोग्राफी तकनीकी का फ्रांस में इजाद हुआ था,
डोगेरोटाइप नाम मिला 19 अगस्त को एलान हुआ था।
फोटोग्राफर्स साथ मिल कर प्रचार प्रसार करेंगे,
अपनी कला का प्रदर्शन ऑनलाइन करेंगे।।



बातों से प्रकृति को जब स्पष्ट न कर पाएं,
फोटोग्राफी एक बेहतर विकल्प बना था।
जागरूकता फैलाना, विचारों को साझा करना,
इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बना था।।

युवाओं की मुख्य पसंद बनी फोटोग्राफी,
नई विधा के रूप में स्थापित हुई फोटोग्राफी।
नित नए तरीके, तकनीकियों का समावेश,
फोटोग्राफी है प्रसिद्ध चाहे देश हो या विदेश।।

रचना -
डॉ० नीतू शुक्ला (प्र०अ०)
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण - उन्नाव




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस



दिनाँक- 20/08/2021

232

दिन- शुक्रवार

## भारत अक्षय ऊर्जा दिवस

अक्षय ऊर्जा या नवीकरणीय ऊर्जा,
होती नहीं है प्रदूषण-कारक।
इनके स्रोतों का क्षय न होता,
होते हैं सदैव पुनः ऊर्जा दायक।।




20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस,
भारत में हर साल मनाते हैं,
अक्षय ऊर्जा के संसाधन चिन्हित कर,
उनके महत्व को अवगत कराते हैं।।



सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा,
जैव ईंधन, जल विद्युत ऊर्जा। के
कुछ उदाहरण हैं अक्षय ऊर्जा के,
बायोगैस और ज्वार-भाटे की ऊर्जा।।

सन् 2004 में यह दिवस मनाने की,
नई दिल्ली से शुरूआत हुई थी।
अक्षय ऊर्जा दिवस पर स्कूली बच्चों द्वारा,
मानव श्रंखला बनायी गई थी।।



रचना

शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान
टाइमलाइन एक्सप्रेस
दिनाँक- 21 अगस्त 2021
233
दिन- शनिवार

# भारत रत्न बिस्मिल्लाह खां



21 अगस्त पुण्यतिथि जिनकी,
वे उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महान।
हैं ख्याति सम्पूर्ण विश्व में इनकी,
बनाई शहनाई वादन में पहचान।।

था बेहद लगाव गंगा नदी से,
बनाया कर्मभूमि बनारस को।
बिस्मिल्लाह खां ने शहनाई से,
परिचय कराया सम्पूर्ण विश्व को।।

शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान ने,
किया समर्थन सांझी संस्कृति का।
दिया निमंत्रण प्रधानमंत्री नेहरु जी ने,
लाल किले में शहनाई वादन का।।

बने तीसरे भारतीय संगीतकार,
मिला जिन्हें भारत रत्न सम्मान।
प्राप्त किया पद्म श्री पुरस्कार,
किया ग्रहण पद्म विभूषण सम्मान।।

रचना
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनियां प्रथम
सरवन खेड़ा, कानपुर देहात



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक22/08/2021

234

दिन-रविवार



## गिरिजा कुमार माथुर का जन्म

गिरिजा कुमार माथुर का जन्म हुआ,
22 अगस्त 1919 को मध्यप्रदेश में।
अध्यापक देवीचरण माथुर थे पिता,
शिक्षित लक्ष्मी देवी माता के घर में।।

प्रारंभिक शिक्षा हुई घर पर स्नातक ग्वालियर से,
एम० ए०, एल० एल० बी० लखनऊ विश्वविद्यालय से।
1940 में विवाह हुआ शकुंत माथुर से,
ऑल इंडिया रेडियो में कई पदों पर रहे 1993 से।।

"मुझे और अभी कहना है" उनका जीवन वृतांत,
विविध भारती रेडियो चैनल को दी जान।
1991 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त कर,
"मैं वक़्त के हूँ सामने" को मिली पहचान।।

एकांकी, नाटक, आलोचना, गीत काव्य,
शास्त्रीय विषयों पर किया लेखन।
प्रसिद्धि पाया "हम होंगे कामयाब" समूहगान,
विभूषित हुए व्यास व शलाका सम्मान।।


रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 23/08/2021

235

दिन- सोमवार

# जस्टिन गैटलिन



वह एक अमेरिकी धावक,
नाम था जस्टिन गैटलिन।
जीता 5 बार ओलम्पिक पदक,
12 बार जीता विश्व चैंपियनशिप।।

9:74 सेकंड का सर्वश्रेष्ठ विश्व रिकॉर्ड,
ओलम्पिक में प्रथम स्थान 2004 में जीता।
बोस्टन (इनडोर) में 2003 में उन्होंने,
100 मीटर दौड़ 6:45 सेकेंड में जीता।।

गैटलिन को 2006 और 2010 के बीच,
USADA द्वारा ड्रग्स टेस्ट कराया।
टस्टोस्टेरान के सकारात्मक परीक्षण आने पर,
कैटरीन प्रतिस्पर्धा प्रतिबंध लगाया।।




रचना:
वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा०वि०चन्दवक,
डोभी, जौनपुर

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-24.08.2021

236

दिन- मंगलवार

## राजगुरु जन्म दिवस



24 अगस्त 1908 को पुणे के खेड़ा में,
महान क्रान्तिकारी राजगुरु जन्मे थे।
माता जिनकी पार्वती बाई और पिता ,
हरिनारायण सरल स्वभाव वाले थे।।
संस्कृत की प्रारंभिक शिक्षा,
वाराणसी से पाए थे।
देश की आजादी के सपने,
बचपन से ही जगाए थे।।
16 वर्ष की आयु में हिंदुस्तान रिपब्लिक,
आर्मी में शामिल हुए थे।
1928 में जनरल सांडर्स की हत्या कर,
क्रान्तिकारी के नाम से जाने जाते थे।।
1929 में दिल्ली सेंट्रल असेंबली पर,
हमला देख ब्रिटिश भी घबराए थे।
देश की आजादी की खातिर 1931 में,
देश प्रेमी फाँसी के फंदे पर झूल गए थे।।


रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
जनपद- कानपुर देहात




शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान
## टाइमलाइन एक्सप्रेस
दिनाँक- 25अगस्त 2021
237
दिन- बुधवार

## जेम्स वाट की पुण्य तिथि

19 जनवरी 1736 में,
स्कॉट्लैंड में जन्म लिया।
अपने एक आविष्कार से,
सबकी आश्चर्य चकित किया।।





जेम्स वाट नाम था उनका,
पिता प्रतिष्ठित व्यक्ति थे।
वैज्ञानिक व अभियान्त्रिकी क्षेत्र की,
समन्वित क्षमता के धनी व्यक्ति थे।।

कठोर परिश्रम और लगन से,
पहला स्टीम इंजन बना लिया।
उस इंजन के द्वारा उन्होंने,
कठिन कार्य को आसानी किया।।

25 अगस्त 1819 में,
इन अन्वेषक का हुआ मरण।
जेम्स वाट की पुण्य तिथि पर,
हम करते शत शत नमन।।



रचना
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा 0वि0मुकन्दपुर
लोधा,अलीगढ़




# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 26/08/2021

238

दिन- गुरुवार

## महिला समानता दिवस




महिला समानता दिवस प्रत्येक वर्ष,
26 अगस्त को विश्व भर में मनाया जाता है।
इसकी शुरुआत 1893 मे न्यूजीलैंड में हुई,
तब से महिला समानता का नारा बुलंद हुआ है।।

महिला वकील बेल्ला द्वारा ने लगातार,
महिला समानता के लिए संघर्ष किया।
26 अगस्त 1920 को अमेरिका में,
पहली बार मतदान का अधिकार मिला।।


भारत में आजादी के बाद महिलाओं को,
वोट करने का अधिकार मिला।
पर पंचायत, निकाय चुनाव लडने का,
अधिकार 73वें संशोधन से मिला।।

महिलाओं की समानता का मामला,
एक जगह नहीं, विश्व का मुद्दा है।
लिंग समानता पूरे विश्व में लागू हो,
ज़रूरत सिर्फ मानसिकता बदलना है।।

*रचना*
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान







## सोनाली बनर्जी, देश की प्रथम महिला मैरीन इंजीनयर




महिलाओं पर लगी वर्जनाओं को करते हुए दरकिनार,
सोनाली बनर्जी ने देश की।
पहली महिला मैरीन इंजीनियर बनकर,
अपने सपनो को किया साकार।।

अपने चाचा से पाकर प्रेंरणा और विश्वास,
IIT प्रवेश परीक्षा 1995 में की पास।
मैंरीन इंजीनियरिंग कोर्स में लिया एडमिशन,
देश की महिलाओं की बढाई आस।।

घर परिवार से मीलों रहकर दूर,
किया बहुत सी कठिनाइयों का सामना।
समन्दर की लहरों को बनाया अपना जुनून,
सदा मन मे रही सफल होने की भावना।।

अकेली महिला कैडेट होकर भी रखा खुद पर विश्वास,
27 अगस्त 1999 को भारत की।
पहली महिला मैरीन इंजीनियर बनकर,
सोनाली बैनर्जी ने रचा एक नया इतिहास।।




**रचना-**

रूपी त्रिपाठी(स० अ०)
क्षे०- सरवनखेड़ा
जनपद- कानपुर देहात

# भाग्य श्री साठे

इतिहास 28 अगस्त का,
भाग्य श्री साठे के नाम।
पहली महिला ग्रैंड मास्टर का,
खिताब किया अपने नाम।।



4 अगस्त 1961 को जन्म लिया,
भाग्य श्री साठे ने मुम्बई में।
प्रेरणास्रोत पिता को बनाया,
नाम रोशन किया शतरंज में।।

मुख्य शौक बनाया शतरंज को,
शतरंज की चैम्पियनशिप को जीता।
शतरंज में 28 अगस्त 1986 को,
भाग्यश्री इंटरनेशनल ग्रैंड मास्टर बनी।।

पद्मश्री से सम्मानित होकर,
भारत का नाम रोशन किया।
शतरंज खेल में पहचान बना कर,
नारीशक्ति का परचम लहराया।।


रचना
अनुप्रिया यादव (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा , फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




# टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 29.08.2021

241

दिन- रविवार

## राष्ट्रीय खेल दिवस




राष्ट्रीय खेल दिवस, मनाते प्रतिवर्ष,
29 अगस्त 1905 को लिया जन्म।
प्रसिद्ध खिलाड़ी हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचन्द,
उनके सम्मान में मनाते यह दिवस।।

1928, 1932, 1936 में ओलम्पिक में हॉकी में जीते,
स्वर्ण पदक तीन बार, अनेक बनायें कीर्तिमान।
कालजयी खिलाड़ी ने 400 से अधिक गोल किये,
1956 में मिला पद्म भूषण सम्मान।।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी में किया देश का नाम,
उनकी याद में दिया जाता मेजर ध्यानचन्द पुरस्कार।
इसी दिन दिए जाते राष्ट्रीय खेल पुरस्कार,
राष्ट्रीय खेल हॉकी संग सभी खेलों का होता सम्मान।।

खिलाड़ी, कोच जो खेलों में देते विशेष योगदान,
राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति उन्हें देते सम्मान।
सालाना खेल समारोह मनाते स्कूल-संस्थान,
राष्ट्रीय खेल दिवस पर होती खूब धूमधाम।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान



रचना- रीना (स०अ०)
प्रा० वि० सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, मेरठ

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइमलाइन एक्सप्रेस




दिनाँक- 30/08/2021

242

दिन- सोमवार

## लघु उद्योग दिवस




भारत के उत्कृष्ट उद्योगों में ,
एक लघु उद्योग भी आता है।
यह एक ऐसा उद्योग क्षेत्र है ,
जो सबसे अधिक रोजगार देता है।।


प्रत्येक वर्ष तीस अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय ,
लघु उद्योग दिवस मनाया जाता है।
छोटे उद्योगों का विकास और बेरोजगार को
रोजगार के अवसर देता है।।

भारत के उत्पादो के सकल उत्पादन में,
चालीस प्रतिशत लघु उद्योग ही देता है।
साबुन, अगरबत्ती, अचार, गुड़ का व्यवसाय ,
घर बैठे सकुशल रूप से किया जा सकता है।

दस से पन्द्रह लोगों की मजदूरी के साथ ,
यह उद्योग छोटे पैमाने पर किया जाता है।
भारत की अर्थव्यवस्था में मज़बूती देने में ,
लघु उद्योग अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है।।


रचना
नीलम भास्कर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, जनपद- बागपत



## टाइमलाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 31.08.2021

243

दिन- मंगलवार

### अमृता प्रीतम



गुजरांवाला जिले में जन्मी,
नाम मिला अमृता प्रीतम।
31 अगस्त 1919 में जन्मी,
पति से उपनाम मिला प्रीतम।।

भावुक हृदय स्वच्छंद सोच थी,
दिव्य कविताएं रचती थीं,
संवेदनाओं की सहज मूर्ति थीं,
अमर कथाएं लिखती थीं।।

रसीदी टिकट उनकी आत्मकथा,
जीवन की जिसमें व्यक्त व्यथा।
पिंजर, जंगल बूटी, अमृत लहरें,
कागज के कैनवास सी रची चित्र कथा।।

खामोश इश्क सी कवितायें,
और ज्ञानपीठ सा पुरस्कार।
पद्म विभूषण से विभूषित थीं,
साहित्य अकादमी का भी मिला प्यार।।

*रचना-*

सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)

उ० प्रा० वि० रुद्रपुर खजनी, खजनी, गोरखपुर



# मिशन शिक्षण संवाद

## रचनाकारों की सूची

टाइम्स
लाइन
एक्सप्रेस

अगस्त 2021

शहनाज़ बानो, चित्रकूट
शिखा वर्मा, सीतापुर
डॉ० नीतू शुक्ला, उन्नाव
सीमा मिश्रा, फतेहपुर
आरती यादव, कानपुर
रीना जी मेरठ,
वन्दना यादव, जौनपुर
सुमन पाण्डेय, फतेहपुर
हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
रुपी त्रिपाठी, कानपुर
अनुप्रिया यादव, फतेहपुर
सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
मृदुला वर्मा, कानपुर
आरती यादव, कानपुर
ज्योति सागर, मेरठ
नीलम भास्कर, बागपत

- टेक्निकल टीम -

जितेन्द्र कुमार, सुधांशु श्रीवास्तव, हेमलता गुप्ता, वन्दना यादव 'गज़ल'

मार्गदर्शन- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन-

काव्य मंजरी टीम, मिशन शिक्षण संवाद